# प्रिलिम्स फैक्ट्स : 06 जुलाई, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-06-july-2021

स्वामी विवेकानंद

## स्वामी विवेकानंद

## Swami Vivekananda

प्रत्येक वर्ष 4 जुलाई को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के रूप में मनाया जाता है, उन्हें भारत के बेहतरीन आध्यात्मिक नेता के रूप में और उनकी प्रभावशाली बौद्धिकता के लिये जाना जाता है।




- **जन्म:** उनका जन्म **12 जनवरी, 1863 को** हुआ और उनके बचपन का नाम **नरेंद्रनाथ दत्त** था।
  - प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती (12 जनवरी) को **राष्ट्रीय युवा दिवस** के रूप में मनाई जाती है।
  - वर्ष 1893 में खेतड़ी राज्य के **महाराजा अजीत सिंह** के अनुरोध पर उन्होंने '**विवेकानंद**' नाम अपनाया।
- **योगदान:**
  - उन्होंने विश्व को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।
    उन्होंने '**नव-वेदांत**' का प्रचार किया, एक पश्चिमी धारा के माध्यम से हिंदू धर्म की व्याख्या और भौतिक प्रगति के साथ आध्यात्मिकता के संयोजन में विश्वास किया।
  - विवेकानंद ने मातृभूमि के उत्थान के लिये शिक्षा पर सबसे अधिक बल दिया। मानव हेतु चरित्र-निर्माण की शिक्षा की वकालत की।
  - उन्हें वर्ष 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिये गए उनके भाषण के लिये जाना जाता है।
  - सांसारिक सुख और मोह से मोक्ष प्राप्त करने के चार मार्गों का वर्णन उन्होंने अपनी पुस्तकों (राजयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग) में किया है।
  - नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने विवेकानंद को "**आधुनिक भारत का निर्माता**" कहा था।

- **संबंधित संगठन**
  - वह **19वीं सदी के रहस्यवादी रामकृष्ण परमहंस** के मुख्य शिष्य थे और उन्होंने वर्ष 1897 में **रामकृष्ण मिशन** की स्थापना की।
    - रामकृष्ण मिशन एक ऐसा संगठन है जो मूल्य आधारित शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, युवा एवं आदिवासी कल्याण और राहत तथा पुनर्वास के क्षेत्र में काम करता है।
  - वर्ष 1899 में उन्होंने **बेलूर मठ की स्थापना** की, जो उनका स्थायी निवास बन गया।
- **मृत्यु:** वर्ष **1902 में बेलूर मठ में उनकी मृत्यु** हो गई। पश्चिम बंगाल में स्थित बेलूर मठ, रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन का मुख्यालय है।